नारीलोक
जुलाई-अगस्त 2023
अंक 300-301

अध्यक्षीय कार्यालय
NEELAM SETHIA
28/1 Shivaya Nagar 4th Cross
Reddiyur, Salem 636004. (TN)
9952426060
neelamsethia@gmail.com

## अध्यक्षीय अनुभूति

प्रिय बहनों,

मुश्किलों से हँसते हुए गुजार जाए जो
इस जहाँ में वही एक असल इंसान है,
पानी है मंजिल तो हर पल तैयार रहना
हर कदम एक नया इम्तिहान है।

जीवन की आपाधापी में कहीं न कहीं आपने यह अवश्य महसूस किया होगा कि हम कभी हताश तो कभी स्वयं को बेबस समझने लगते हैं। चाहे परिवार से या रिश्तों से जुड़ी समस्या हो, चाहे आर्थिक या स्वास्थ्य जुड़ी समस्या हो। जीवन में कई बार ऐसी परिस्थिति आती है, जहां हमें कोई रास्ता नज़र ही नहीं आता। जब कुछ समझ नहीं आता तो हम घुटने टेक देते है और स्वयं को हारा हुआ महसूस करते हैं।

जब हम ऐसी स्थिति में फंस जाते हैं तो उससे बाहर निकलने की जगह उसमें और अधिक उलझते जाते हैं। ऐसे में कुछ बातों को समझना ज़रूरी है कि हम सारे हालात के बारे में अच्छे से सोचकर और उसके बारे में सही निर्णय लेकर उससे बाहर आ सकें।

**जब कुछ समझ ना आये तो इन बिन्दुओं को अपनाएं :**

**स्वयं को शांत करें :** विपरीत परिस्थितियों में जब कुछ समझ ना आये तब सबसे पहले स्वयं को शांत कर लें। अमूमन ऐसी परिस्थिति में हमारा दिमाग बहुत सारी नेगेटिव बातें सोचने लगता है जिससे हम बेचैन होने लगते है।

स्वयं को शांत करने के लिए आप ध्यान का सहारा ले सकते हैं। स्वयं को थोड़ा सा है शांत करने के लिए आप किसी शांत जगह जा सकते हैं या फिर थोड़ा सा आराम कर सकते हैं। इससे भीतर अंदर से हलका महसूस करेंगे और समाधान के बारे में अच्छे से सोच पाएंगे।

**निराशात्मक भाव न लाएं :** जीवन में किसी तरह की समस्याएं क्यों न आए, आपको हताश एवं निराश कदापि नहीं होना है, क्योंकि निराशा से आप स्वयं के आत्मविश्वास को अधिक कमजोर करते हैं। ऐसे में किसी पारिवारिक या करीबी इंसान से अपनी समस्या साझा कर सकते हैं और उनसे सलाह भी ले सकते हैं।

**आत्मपरीक्षण करें :** आप अन्य से सलाह ले सकते हैं और साथ ही आपको समाधायक दृष्टिकोण से आत्मपरीक्षण भी करना है। आत्मपरीक्षण का मतलब आप अपनी कमियों और खूबियों के बारे में लिखें। स्वयं के कौशल एवं सफलता के बारे में लिखें। साथ ही अपनी असफलताओं एवं उनके कारणों के बारे में भी लिखें। इससे आप स्वयं को बेहतर समझ पाएंगे। आपको स्वयं के बारे में जानकारी हो पाएगी और उससे आप समस्या के बार में सही निर्णय ले पाएंगे।

**एक नयी शुरुआत करें :** अधिकांश लोग या तो पिछली बातों को लेकर परेशान रहते हैं या फिर अघटित भविष्य के बारे में सोचकर परेशान होते हें। जब कुछ समझ ना आए तो give up करते हुए अपनी जिन्दगी से ही नाउम्मीद हो जाते हैं।

ऐसे स्थिति में पिछली सारी बातें भूलकर जिन्दगी में नई शुरुआत करने की सोचनी चाहिए क्योंकि ना तो आप गुजरे कल को बदल सकते हैं और ना आने वाले कल पर आपका कोई जोर है।

अधिकांश लोगों को तीन स्थितियों में समझ में नहीं आता कि क्या किया जाना चाहिए :

**जॉब या बिजनेस में दिक्कत :** यदि जॉब में कोई समस्या है या व्यापार में असफलता/हानि आ गई है तब उस स्थिति में स्वयं को उभरने के लिए थोड़ा समय दें। अपने संसाधनों का सही इस्तेमाल करें। पिछली गलतियों को दोहराएं नहीं एवं नए स्किल्स को सीखने का प्रयास करें। किसी अन्य एक्सपर्ट की सलाह लें और उनके अनुभव से आगे बढ़ें।

**बिगड़ते रिश्ते :** अगर आपके रिश्तों में कहीं तनाव है और दूसरों की बातों या बर्ताव से आप दुःखी हैं तो इसका सरल सा समाधान है कि आपस में बातचीत कर लें। एक-दूसरे को समझने से बिगड़े हुए रिश्तों में सुधार हो सकता है। यदि हर संभव कोशिश के बाद भी रिश्ते नहीं पनप रहे हों, तो आपको स्वयं के लिए खड़े होना ही पड़ेगा। स्वयं को ऐसे रिश्ते से दूर करना होगा।

**स्वास्थ्य समस्याएं :** यदि आपको या आपके परिवार में स्वास्थ्य संबंधी प्रतिकूल परिस्थिति हो तो आपको उस बीमारी के बारे में अधिक न सोचते हुए, जो भी उपचार है उसे पूरा करना है। स्वयं का या बीमार व्यक्ति को अच्छे से खयाल रखना है। स्वयं सकारात्मक दृष्टिकोण रखना है एवं स्वास्थ्य अनुप्रेक्षा करते रहना है। स्वयं और अपने परिवार के साथ बिताना है और जीवन का प्रतिपल आनन्दित रूप में जीना है।

तो बहनों! आज से ही कटिबद्ध जो जाएं कि जैसी भी परिस्थिति हो उसे समभाव में रहते हुए समाधान खोजेंगे और अपने और औरों के जीवन में सुवास फैलाएंगे। शुभम् अस्तु...

स्नेहाकांक्षी
नीलम सेठिया

# अमृत निर्झर



"आत्मा के भीतर अनंत काल से राग और द्वेष के संस्कार होते हैं। राग और द्वेष कर्म के बीज होते हैं और जितना भी कर्म बंध होता है उसका कारण राग–द्वेष ही होता है। राग से पहले द्वेष समाप्त होता है। हर पाप की पृष्ठभूमि में राग–द्वेष की भूमिका होती है, एक शब्द में – मोह, दो शब्दों में – राग–द्वेष व चार शब्दों में – क्रोध, मान, माया, लोभ। समता की साधना द्वारा जागरूकत बनकर अपने राग–द्वेष पर विजय प्राप्त करें।"

# दिल्ली में जैनधर्मोस्तु मंगलम्

दि. 03.06.2023 को साध्वीश्री अणिमाश्रीजी की पावन सन्निधि में एवं अभातेममं के तत्त्वावधान में तेममं दिल्ली द्वारा जैनधर्मोस्तु मंगलम् कार्यक्रम आयोजित हुआ।

राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती नीलम सेठिया की अध्यक्षता में चीफ ट्रस्टी श्रीमती पुष्पा बैंगानी, ट्रस्टी श्रीमती सायर बैंगानी, ट्रस्टी श्रीमती बिमला दूगड़, महामंत्री श्रीमती मधु देरासरिया, संगठन मंत्री श्रीमती नीतू पटावरी, पूर्व महामंत्री श्रीमती सुमन नाहटा, कन्या मंडल प्रभारी श्रीमती अर्चना भंडारी, क्षेत्रीय प्रभारी श्रीमती मंजू भूतोड़िया, श्रीमती सुनीता जैन, श्रीमती कुसुम बैंगानी, श्रीमती शिल्पा बैद एवं श्रीमती सोनिका बैंगानी की गरिमामय उपस्थित रही।

साध्वीश्रीजी द्वारा नमस्कार महामंत्र से कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। कन्या मंडल व तेममं की बहनों द्वारा आचार्य तुलसी शिक्षा परियोजना गीत का सामूहिक संगान किया गया। बहनों द्वारा संस्कृत में अति मधुर मंगलाचरण किया गया। स्थानीय अध्यक्ष श्रीमती मंजू जैन ने सभी का स्वागत अभिनंदन किया।

साध्वीश्री अणिमाश्रीजी ने भगवान महावीर की वाणी का उल्लेख करते हुए कहा कि अहिंसा, संयम व तपोमय धर्म उत्कृष्ट मंगल है। साध्वीश्री सुधाप्रभाजी ने तत्त्वज्ञान को समझने एवं वीतरागता की ओर कदम बढ़ाने की प्रेरणा दी। साध्वीवृंद द्वारा स्वरचित गीतिका का सामूहिक संगान किया गया।

राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती नीलम सेठिया ने जैनधर्मोस्तु मंगलम् A scientific approach of Jainism पर प्रकाश डालते हुए कहा कि समस्त प्रचेता/स्कॉलर को किसी एक विषय विशेष में दक्षता हासिल करनी चाहिए। चीफ ट्रस्टी श्रीमती पुष्पा बैंगानी ने कर्म की अवधारणा एवं जीवन व्यवहार को विस्तृत रूप से बताया।

मुख्य अतिथि विधान सभाध्यक्ष श्री रामनिवास गोयल ने मंडल के कार्यों की सराहना की। मुख्य वक्ता उज्जैन से डॉ. वीरबाला छाजेड़ ने जैन दर्शन के दर्पण में स्वयं को कैसे पहचाने विषय पर बहुत ही सुंदर ढंग से प्रकाश डाला। मुख्य वक्ता का परिचय श्रीमती सरोज सिपानी ने दिया। महामंत्री श्रीमती मधु देराससिया ने जैन धर्म की वैज्ञानिकता के संदर्भ में विचार व्यक्त किए। क्षेत्रीय प्रभारी श्रीमती मंजूजी भूतोड़िया ने 'कैसे क्यों जुड़े और जोड़ें तत्वज्ञान तेरापंथ दर्शन पाठ्यक्रम से' पर प्रकाश डाला।

सुश्री प्रियांशी हिरण ने आज की युवा पीढ़ी का जैन धर्म से जुड़ाव कैसे हो, इस पर प्रकाश डाला। इनका परिचय सुश्री अंकिता हीरावत द्वारा दिया गया।

कार्यक्रम में दिल्ली सभा महामंत्री श्री प्रमोद घोडावत एवं अनेक संस्था के पदाधिकारी गण सहित 400 से अधिक गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति रही।

## हरिद्वार में C20 की मीटिंग में अभातेममं की शिरकत

अभातेममं को भारतीय सरकार द्वारा C20 में चयनित किए जाने के पश्चात भुवनेश्वर में हुई वर्चुअल मीटिंग में राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती नीलम सेठिया एवं पूर्व महामंत्री श्रीमती सुमन नाहटा ने गरिमामय उपस्थिति दर्ज की।

तत्पश्चात दि. 17–19 जून को हरिद्वार में समायोजित C20 मीटिंग में अभातेममं को आमंत्रित किया गया। इस मीटिंग में संयोजिका श्रीमती सुमन नाहटा ने C20 सदन के समक्ष तेरापंथ धर्मसंघ एवं संघपति की जानकारी प्रदान करते हुए अत्यन्त गौरव की अनुभूति की।

अभातेममं की संपूर्ण गतिविधियों की प्रस्तुति के साथ C20 के अंतर्गत संस्था द्वारा कृत कार्यों की विस्तृत जानकारी दी।

महिला मंडल द्वारा देश भर में 'हिंसा vs अहिंसा' के तहत किए गए कार्यों को सदन के समक्ष प्रस्तुत किया गया। कन्या मंडल द्वारा देश भर में संपादित 'उर्वी प्रोजेक्ट' का विस्तृत विवरण भी C20 सदन के सामने प्रस्तुत किया। दोनों की प्रोजेक्ट की ई–बुलेटिन भी अधिकारियों को भेंट की।

इस मीटिंग में देश भर की प्रख्यात संस्थाएं उपस्थित रही।

## श्रद्धेया प्रमुखाश्रीजी की सन्निधि में उधना में 'मंजिलें' कार्यशाला

दि. 2.5.2023 को श्रद्धेया साध्वीप्रमुखाश्री विश्रुतविभाजी की पावन सन्निधि में एवं अभातेममं के तत्त्वावधान में तेममं उधना द्वारा 'मंजिलें' कार्यशाला आयोजित की गई। महामंत्री श्रीमती मधु देरासरिया की विशिष्ट उपस्थिति में ट्रस्टी श्रीमती कनक बरमेचा, सहमंत्री श्रीमती निधि सेखानी, क्षेत्रीय प्रभारी श्रीमती श्रेया बाफना, रा.का.स. डॉ. नीना कावड़िया एवं श्रीमती जयंती सिंघी की गरिमामय उपस्थिति रही।

नमस्कार महामंत्र व प्रेरणा गीत से कार्यक्रम की शुभ शुरुआत हुई। स्थानीय अध्यक्ष श्रीमती जशु बाफना ने सभी का अभिनंदन करते हुए प्रमुखाश्रीजी को मनोनयन की प्रथम वर्षगांठ पर अग्रिम आध्यात्मिक मंगलकामनाएं प्रेषित करते हुए संपूर्ण तेममं की ओर से 'स्वस्तिक संकल्पों का' के माध्यम से अनुपम भेंट दी गई। स्थानीय बहनों ने गीतिका द्वारा प्रमुखाश्रीजी की वर्धापना की।

श्रद्धेया साध्वीप्रमुखाश्रीजी ने मंगल उद्बोधन में फरमाया कि हर व्यक्ति को अपनी मंजिल तय करनी है। अपने लक्ष्य प्राप्ति के लिए सेल्फ मीटिंग करनी चाहिए यानी स्वयं से वार्तालाप करें तो हम मंजिल के निकट पहुंच सकते हैं।

अभातेममं के सदस्यों द्वारा कार्यशाला के 'लोगो' का अनावरण किया गया। ट्रस्टी श्रीमती कनक बरमेचा ने मंजिलों का जिंदगी में बहुत ही महत्व बताया। सहमंत्री श्रीमती निधि सेखानी एवं क्षेत्रीय प्रभारी श्रीमती श्रेया बाफना ने अपने भावों की अभिव्यक्ति दी।

महामंत्री श्रीमती मधु देरासरिया ने कहा कि सही चयन से मंजिलें प्राप्त की जा सकती है एवं स्वयं का मूल्यांकन कर सही लक्ष्य का चयन कर कर सकते हैं।

संचालन स्थानीय मंत्री श्रीमती सुनीता चोरड़िया ने एवं आभार स्थानीय कन्या प्रभारी श्रीमती नीलम डांगी ने किया।

### शाखाओं के नव-मनोनीत अध्यक्ष तथा मंत्री हेतु विशेष ध्यानार्थ

शाखाओं ने साधारण सदन एवं चुनाव/मनाव की प्रक्रिया सम्पन्न कर ली होगी। यदि नहीं तो 15 जुलाई 2023 तक पूर्ण संवैधानिक रूप से साधारण सदन की प्रकिया को सम्पन्न करें।

नव-मनोनीत अध्यक्ष तथा मंत्री के नाम, पते व मोबाइल नंबर सहित गूगल फॉर्म भरें जिसका लिंक निम्न है:

https://forms.gle/27YfYWCszCqk5XJfA

(Click to fill Google Form)

अति शीघ्र व्हाट्सएप्प ग्रुप का लिंक प्रेषित किया जाएगा, जिसे नव मनोनीत अध्यक्ष एवं मंत्री को अवश्य भेजें, जिससे वे अभातेममं ब्रांच ग्रुप से जुड़ सकें। आने वाले शुभ भविष्य के लिए आप सभी को हार्दिक मंगल कामना।

## REVIVAL घो.चि.पू.लि.

REVIVAL घो.चि.पू.लि. के सीरीज 2 का भव्य आयोजन ऑनलाइन जूम पर किया गया जिसमें देश भर से 700 श्राविक-श्राविकाओं ने स्वाध्याय किया।

श्रीमद् जयाचार्य द्वारा रचित प्रमुख तीन गीतिकाओं का गायन, अर्थ, इतिहास एवं विवेचन किया गया। 'विघ्न हरण' का विवेचन ट्रस्टी श्रीमती कनक बरमेचा एवं डॉ. सूरज बरड़िया ने किया। 'भिक्षु म्हारै प्रगट्या' का विवेचन श्रीमती राजुल मुनोत, 'मुणिन्द मोरा' का विवेचन श्रीमती चांद छाजेड ने किया। 'जम्बू कह्यो मान ले' गीतिका का इतिहास एवं विवेचन श्रीमती वीणा बैद ने किया। आराधना की 8वीं ढाल 'भावै भावना' श्रीमती कनक बरमेचा ने करवाई। तत्पश्चात सभी गीतिकाओं को लय सहित पुनरावर्तन किया गया।

पुरानी गीतिकाओं के पुनरावर्तन में बहनों का उत्साह, लगन एवं समयबद्धता सराहनीय रही। 12 दिनों के निरंतर स्वाध्याय के पश्चात भी बहनों की तन्मयता और नित्यता बरकार है।

### जुलाई-अगस्त में करणीय कार्य

REVIVAL घो.चि.पू.लि.

REVIVAL घो.चि.पू.लि. के अंतर्गत अधोलिखित पांच ढालों का पुनरावर्तन करवाया गया :

* विघ्न हरण
* मुणिन्द मोरा
* भिक्षु म्हारै प्रगट्या जी
* जम्बू कह्यो मान ले (राजग्रही नां वासिया)
* आराधना की 8वीं ढाल – भावै भावना

शाखा मंडल अपने क्षेत्र में उपरोक्त पांचों ढालों पर आधारित क्विज़ प्रतियोगिता आयोजित करे। इस क्विज़ प्रतियोगिता में सभी श्रावक-श्राविकाओं की सहभागिता का लक्ष्य रखें और विशेष कर कन्याओं को भी अवश्य जोड़ें।

उपरोक्त करणीय कार्य जुलाई-अगस्त माह में शाखा अपने सुविधानुसार आयोजित करे।

# The Power
## of Resilience

शिल्पशाला

Resilience प्रतिकूल परिस्थिति, आघात, त्रासदी या तनाव का सामना करने की प्रक्रिया है – इसका अर्थ है कठिन परिस्थितियों में भी डटे रहना, उनसे जूझते हुए कड़ा मुकाबला करना। हम सब अपने जीवन में विशेष क्षमता रखते हैं। Resilience हमें स्वयं की ताकत से रूबरू करवाता है एवं हमारी व्यक्तिगत शक्ति को पहचानने की क्षमता प्रदान करता है। जो लोग विपत्ति से उबरने एवं सकारात्मक दृष्टिकोण बनाए रखने की क्षमता रखते हैं, वे ही Resilient होते हैं और जीवन के हर उतार-चढ़ाव को अपनी कामयाबी का मार्ग बनाते हुए जीवन में आगे बढ़ते रहते हैं।

### Resilience क्या?

- ✻ Resilience यानि अपने कार्यों पर भरोसा करना
- ✻ Resilience यानि लचीलापन होना, परिस्थितिनुरूप स्वयं को ढालना
- ✻ Resilience यानि प्रयोजन/उद्देश्य सहित कार्य करना
- ✻ Resilience यानि सीमित संसाधनों के रहते कार्य सम्पन्न करना
- ✻ Resilience यानि दूसरों के समर्थन से उद्देश्य पूर्ति करना
- ✻ Resilience यानि भावनात्मक नियंत्रण रखना




### Resilience बढ़ाने के कारगर तरीके!!!

- ✻ लक्ष्यों की स्थापना करना
- ✻ उद्देश्य पूर्ति हेतु कार्यरत रहना
- ✻ लक्ष्य के प्रति गतिशील होना
- ✻ खुद पर विश्वास बनाए रखना
- ✻ परिवर्तन को अपनाना
- ✻ आशावादी बने रहना
- ✻ स्वयं को पोषित (nurture) करते रहना
- ✻ समस्या समाधान कौशल विकसित करना
- ✻ समयानुसार कौशल निर्माण के लिए प्रतिबद्ध रहना
- ✻ सामाजिक नेटवर्क का विकास करना

**Resilience कायम रखने के तरीके**

- नकारात्मकता से दूर रहें
- आराम करने के लिए समय निकालें
- अपनी रुचियों और शौक का विकास करें
- प्रकृति के साथ समय बिताएं
- शारीरिक स्वास्थ्य का ध्यान रखें

### Resilient की प्रक्रिया






**Practice**

दिन में कुछ समय के लिए स्वयं के साथ बिताते हुए सकारात्मकता को बढ़ावा दें



**Repeat**

स्वयं के साथ वक्त बिताने का नियमित प्रयास करें और Resilience को पुष्ट करें



**Achieve**

Resilience की महत्ता को समझते हुए अपना अन्तर्जागरण करें

उपरोक्त बिन्दुओं को समाविष्ट करते हुए अपने क्षेत्र में The Power शिल्पशाला का आयोजन जुलाई-अगस्त माह में अवश्य करें। इस शिल्पशाला में एक सामायिक का लक्ष्य अवश्य रखें।

# श्री उत्सव

## PAN India श्री उत्सव का उदयपुर से ऐतिहासिक आगाज

दि. 18.6.2023 को अभातेममं के collaboration में तेममं उदयपुर ने PAN India श्री उत्सव का आयोजन किया गया। सशक्त महिलाओं द्वारा सशक्त समाज के निर्माण के लिए आयोजित श्री उत्सव में 37 फूड, स्टार्टअप स्टॉल्स, आर्ट एवं कल्चर, हस्तकला के साथ मनोरंजन के रचनात्मक स्टॉल लगाए गए।

महामंत्री श्रीमती मधु देरासरिया, सहमंत्री श्रीमती नीतू ओस्तवाल एवं क्षेत्रिय प्रभारी डॉ नीना कावड़िया सहित जिला कलेक्टर श्री ताराचंद मीणा एवं बार एसोसिएशन अध्यक्ष श्री राकेश मोगरा ने श्री उत्सव का उद्घाटन किया।

स्थानीय अध्यक्ष श्रीमती सीमा पोरवाल ने सभी का स्वागत करते हुए पैन इंडिया श्री उत्सव का आगाज उदयपुर से करने पर राष्ट्रीय ध्यक्ष श्रीमती नीलम सेठिया को धन्यवाद प्रेषित किया।

महामंत्री श्रीमती मधु देरासरिया ने पैन इंडिया श्री उत्सव के उदयपुर में आगाज को ऐतिहासिक और अविस्मरणीय बताया। जिला कलक्टर श्री ताराचन्द मीणा ने महिलाओं के विकास के लिए श्री उत्सव जैसे कार्यक्रम को शुभ भविष्य का संकेत बताया। राष्ट्रीय सहमंत्री श्रीमती नीतू ओस्तवाल ने केन्द्रीय परियोजनाओं के बारे में विशद जानकारी दी।

बार एसोशिएसन अध्यक्ष श्री राकेश मोगरा, क्षेत्रीय प्रभारी डॉ. नीना कावडिया, स्थानीय सभाध्यक्ष श्री अर्जुन खोखावत ने भी विचार व्यक्त किए।

## उदयपुर में मंचीय कार्यक्रम

'शासन श्री' मुनिश्री सुरेशकुमारजी ने प्रेरणा उद्बोधन में फरमाया कि कभी घूंघट की चार दिवारी में सिमटी महिलाएं आज केसरिया परिधान में दुनिया का मार्गदर्शन कर रही है। मुनि संबोधकुमारजी 'मेधांश' ने कहा कि जब सारी दुनिया 'ना' 'कर दे और हम वही कर के दिखाए तो हम महान हो रहे हैं।

श्री उत्सव के साथ सांस्कृतिक निशा का तीन सत्रों में आयोजन हुआ। कार्यक्रम मे फिल्म प्रोड्युसर डायरेक्टर राजेश शगुन मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। संचालन स्थानीय संयोजिका श्रीमती कोमल गांधी, एडवोकेट श्रीमती सोनिका जैन, डॉ. मधु मुरड़िया, श्रीमती साधना तलेसरा ने किया। श्री सुनिल टांक के निर्देशन में टीम उदयपुर द्वारा 'अपाहिज बचपन' मोबाइल से बढ़ते रिश्तों की दूरियां एवं बढ़ते सड़क हादसों को भावुक कर देने वाली नाटिका का मंचन किया गया। इस मौके पर बच्चों के लिए जैन संस्कृति परिधान प्रतियोगिता भी आयोजित हुई। आभार मंडल स्थानीय मंत्री श्रीमती दीपिका मारू ने दिया।

## PAN India श्री उत्सव का अहमदाबाद में आयोजन

दि. 21-22 जून 2023 को अभातेममं के collaboration में तेममं उदयपुर ने PAN India श्री उत्सव का आयोजन किया गया। शासनश्री साध्वी सरस्वतीजी की सहवर्तनी साध्वी ने नमस्कार महामंत्र का उच्चारण किया। सहमंत्री श्रीमती निधि सेखानी की गरिमामय उपस्थिति सहित Media Professional and Educationist Documentary Short Film Maker श्रीमती मालती मेहता, गीतिका आदि गणमान्य व्यक्तियों ने श्री उत्सव का उद्घाटन किया।

स्थानीय महिला मंडल व कन्या मंडल द्वारा सामूहिक मंगलाचरण किया गया। स्थानीय अध्यक्ष श्रीमती चांद छाजेड़ ने सभी का स्वागत किया। सहमंत्री श्रीमती निधि सेखानी ने शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए कहा कि अभातेममं ने जो सहकार्यता के लिए कदम उठाया है, उससे हर क्षेत्र की श्री उत्सव की गूंज संपूर्ण देश में होगी।

सभाध्यक्ष श्री कांतिलाल चोरड़िया, तेयुप अध्यक्ष श्री कपिल पोखरणा, तेरापंथ समाज अध्यक्ष श्री सज्जन सिंघवी, अणुव्रत समिति अध्यक्ष श्री प्रकाश धींग आदि कई पदाधिकारी उपस्थित थे।

संचालन स्थानीय संयोजिका श्रीमती संगीता बांठिया एवं श्रीमती रेखा धुप्या ने किया तथा आभार ज्ञापन स्थानीय मंत्री श्रीमती अनिता कोठारी ने किया।

श्री उत्सव में कुल 60 स्टॉल थे जिसमें डिजाइनर कपड़े, साड़ियां, कॉस्मेटिक, डेकोरेटिव सामान, खाने पीने के समान, हस्तकला, जैनत्व दर्शाते गृहसज्जा सामान, आदि कई वस्तुएं सम्मिलित थी। दो दिवसीय श्री उत्सव में 2000 से 2500 बहनों का आगमन हुआ। इस श्री उत्सव की गूंज अहमदाबाद के सकल महिला समाज में हुई।

## वर्तमान कार्यकाल में नवगठित शाखा मंडल

- भिलोड़ा
- खेड़ा
- अगरतल्ला
- यमुनानगर
- जूनागढ़
- ठाणे सिटी
- भद्रपुर
- कोलाघाट
- भिलाई
- गोवा
- जोधपुर जाटाबास
- खेड़ब्रह्मा
- दीपू
- रांची
- बिरटामोड़ (नेपाल)
- फलाकाटा

समस्त नवगठित शाखाओं को हार्दिक शुभकामनाएं।

## डूंगरी में 'मंजिलें', पुस्तकालय एवं बेंच का लोकार्पण

दि. 28.6.2023 को अभातेममं के तत्त्वावधान में तेममं डूँगरी द्वारा 'मंजिलें' कार्यशाला आयोजित की गई। महामंत्री श्रीमती मधु देरासरिया की विशिष्ट उपस्थिति में सहमंत्री श्रीमती निधि सेखानी, क्षेत्रीय प्रभारी श्रीमती श्रेया श्रेया बाफना, रा.का.स. श्रीमती जयंती सिंघी की गरिमामय उपस्थिति रही।

नमस्कार महामंत्र से कार्यशाला का शुभारंभ हुआ। स्थानीय बहनों ने प्रेरणा गीत से मंगलाचरण किया। भाजपा महिला मंडल मोर्चा वलसाड़ जिला अध्यक्ष श्रीमती प्रवीणा बेन की विशेष उपस्थिति रही।

स्थानीय अध्यक्ष श्रीमती रचना हिरण ने स्वागत स्वर उकेरे। महामंत्री श्रीमती मधु देरासरिया लक्ष्य निर्धारण एवं लक्ष्य हासिल के बारे में विस्तार से समझाया। सहमंत्री श्रीमती निधि सेखानी ने स्मार्ट वर्क के बारे में समझाया। श्रीमती श्रेया बाफना ने जीवन में क्षमा के महत्त्व को बताया। रा.का.स. श्रीमती जयंती सिंघी ने लाइब्रेरी की महत्ता उजागर की।

स्कूल के प्रिंसिपल ने मंडल के कार्यों की सराहना की। स्थानीय मंत्री श्रीमती कल्पना भटेवरा ने आभार ज्ञापित किया।

तत्पश्चात् फीड द माइंड के अंतर्गत लाइब्रेरी का लोकार्पण प्राथमिक शाला ककवाडी में किया गया जिसमें एक बुकशेल्फ एवं 900 किताबें अनुदानित की गईं। इसके बाद 4 बेंच का उद्घाटन भी उसी परिसर में किया गया।

Membership Drive

## सदस्यता अभियान

समाज की तेरापंथ महिलाओं को जोड़ने हेतु सदस्यता अभियान सुचारु रूप से चला तथा 135 शाखाओं ने पुरजोर प्रयत्न करते हुए 3776 नए सदस्यों को मंडल से जोड़ा, तदर्थ इन सभी शाखाओं को साधुवाद।

नए सदस्य के विवरण अभातेममं की वेबसाइट पर सम्मिलित किए जा चुके हैं। समस्त शाखा अध्यक्ष/मंत्री से अनुरोध है कि वेबसाइट पर अपने शाखा सदस्यों के नाम का अवलोकन कर लें।

सदस्यता अभियान, शाखाओं से डॉटा मंगवाना और उसे व्यवस्थित कर वेबसाइट पर लगाने का कार्य सहमंत्री श्रीमती निधि सेखानी ने सहजता से संपादित किया, तदर्थ साधुवाद।

## नवसारी में पुस्तकालय एवं बेंच का लोकार्पण

दि. 28.6.2023 को तेममं नवसारी द्वारा बेंच एवं लाइब्रेरी का लोकार्पण गुजराती प्राथमिक स्कूल में महामंत्री श्रीमती मधु देरासरिया, सहमंत्री श्रीमती निधि सेखानी, क्षेत्रीय प्रभारी श्रीमती श्रेया बाफना, रा.का.स. श्रीमती जयंती सिंघी, सामाजिक कार्यकर्त्ता अनीता बेन छाजेड़, नवसारी विजलपोर नगरपालिका काउंसलर नीतू बेन शाह आदि की गरिमामय उपस्थिति में हुआ।

नमस्कार महामंत्र से प्रारंभ हुए कार्यक्रम में स्थानीय अध्यक्ष श्रीमती मीना मेहर ने सभी का उत्साहपूर्ण स्वागत किया। प्रिंसिपल किरणभाई पटेल ने शुभेच्छा प्रकट की। सहमंत्री श्रीमती निधि सेखानी ने तेममं नवसारी को सक्रिय एवं जागरूक बताया। महामंत्री श्रीमती मधु देरासरिया ने महिलाओं को जागृत करते हुए इसी प्रकार से समाज में सहकार प्रदान करने की बात कही। मुख्य अतिथि अनिता बेन छाजेड़ ने तेरापंथ समाज एवं महिला मंडल की प्रशंसा की। उक्त अवसर पर सभाध्यक्ष श्री नोरतमल टेबा एवं तेयुप के अध्यक्ष एवं मंत्री की उपस्थिति रही।

निर्जरा का विशिष्ट उपक्रम

## 'भावना सेवा' में सेवार्थी

**3 मई से 9 मई 2023 – अंकलेश्वर भरुच**
श्रीमती प्रेमलता नाहर, श्रीमती आशा आच्छा,
श्रीमती लीला पितलिया, श्रीमती भावना नांगावत

**10 मई से 16 मई 2023 – पर्वतपाटिया**
श्रीमती मनोज गंग, श्रीमती सुशीला सुराणा,
श्रीमती कंचन गुलगुलिया

**17 मई से 21 मई 2023 – यशवन्तपुर बेंगलुरु**
श्रीमती मीना भटेवरा, श्रीमती नीतू बाबेल, श्रीमत चन्द्रा पोखरणा,
श्रीमती कान्ता सियाल, श्रीमती वसन्ता बाबेल

**24 मई से 30 मई 2023 – पालघर**
श्रीमती संगीता बाफना, श्रीमती पुष्पा श्रीश्रीमाल,
श्रीमती अनोखा बदामिया, श्रीमती संगीता चपलोत

**31 मई से 6 जून 2023 – कांकरोली**
श्रीमती मधु पगारिया, श्रीमती सुधा सोनी,
श्रीमती रतन कच्छारा, श्रीमती इन्द्रा पगारिया

सेवा देने वाले शाखाओं एवं बहनों को हार्दिक साधुवाद
श्रीमती किरण बाई आंचलिया की निरन्तर सेवाओं हेतु आभार।
आठ महीने निरन्तर सेवा में संयोजिका श्रीमती सरिता डागा एवं सह–संयोजिका श्रीमती निधि सेखानी के श्रम हेतु साधुवाद।



## अहमदाबाद में कन्या सुरक्षा सर्कल का उद्घाटन

दि. 22.6.2023 को तेममं अहमदाबाद द्वारा 'कन्या सुरक्षा सर्किल' का उद्घाटन कांकरिया मणिनगर क्षेत्र में मेयर श्री किरीट कुमार परमार द्वारा किया गया। विशिष्ट उपस्थिति सहमंत्री श्रीमती निधि सेखानी एवं रा.का.स. श्रीमती अदिति सेखानी की रही।

कार्यक्रम का शुभारंभ साध्वीश्री के नमस्कार महामंत्र के उच्चारण से हुआ। कार्यक्रम में सांसद डॉ. किरीट सोलंकी, धारा सभ्य श्री अमूल भट्ट, डेप्युटी मेयर श्रीमती गीता पटेल, नेता मुनि शासक पक्ष श्री भास्कर भट्ट, चेरमेन स्टैंडिंग कमिटी श्री कांतिलाल बारोट, दंडक म्युनिसिपल शासक पक्ष श्री अरुणसिंह राजपूत, चेरमेन टाउन प्लानिंग स्टेट मैनेजमेंट कमेटी श्री देवांग दाणी, डेप्युटी म्युनिसिपल कमिश्नर नेहा कुमारी खड, बाल विकास आयोग प्रतिभा जैन, कॉरपोरेटर शीतल डागा आदि की गरिमामय उपस्थिति रही।

स्थानीय अध्यक्ष श्रीमती चांद छाजेड़ ने सभी का स्वागत अभिनंदन किया। मेयर ने कहा कि महिलाएं विकासशील बनते हुए देश के विकास में सहयोगी बन रही है। सहमंत्री श्रीमती निधि सेखानी ने अपने विचार व्यक्त करते हुए स्थानीय तेममं के इस कार्य की सराहना की। कुशल संचालन स्थानीय मंत्री श्रीमती अनिता कोठारी ने किया।



## लिम्बायत में पुस्तकालय एवं बेंच का लोकार्पण

दि. 10.6.2023 को तेममं लिम्बायत द्वारा कन्या सुरक्षा बेंच एवं पुस्तकालय का उद्घाटन महामंत्री श्रीमती मधु देरासरिया, सहमंत्री श्रीमती निधि सेखानी, क्षेत्रीय प्रभारी श्रीमती श्रेया बाफना की गरिमामय उपस्थिति में किया गया। इस अवसर पर ड्रेनेज समिति चेयरमेन श्री विक्रम पाटिल, प्रिंसिपल श्री अनिल, डॉ. रचना, सभाध्यक्ष श्री रतनलाल भलावत, तेयुप अध्यक्ष श्री भरत गन्ना आदि की गरिमापूर्ण उपस्थिति रही।

महामंत्री ने नमस्कार महामंत्र उच्चारण से कार्यक्रम का शुभारंभ किया। स्थानीय अध्यक्ष श्रीमती पिस्ता बापना ने स्वागत किया। महामंत्री ने स्थानीय शाखा के कार्यों की सराहना करते हुए पुस्तकालय के समुचित रखरखाव की प्रेरणा दी। चेयरमेन श्री विक्रम पाटिल एवं प्रिंसिपल श्री अनिल ने अभातेमम के कार्यों की प्रशंसा की।

बेंच लिम्बायत हेल्थ सेन्टर एवं मेटरनिटी होम तथा पुस्तकालय हेतु रैक राजकीय नागर्जुन कन्या विद्यालय में स्थापित किए गए। संचालन श्रीमती रेखा नौलखा एवं आभार ज्ञापन स्थानीय मंत्री श्रीमती आरती गोखरू ने किया।

## दिल्ली में दो पुस्तकालय एवं बेंच का लोकार्पण



दि. 2.6.2023 को तेममं दिल्ली द्वारा Feed the Mind प्रोजेक्ट के अंतर्गत लाइब्रेरी का लोकार्पण राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती नीलम सेठिया की अध्यक्षता में दिल्ली नगर निगम की प्राथमिक विद्यालय रामनगर एवं मानसरोवर पार्क (शाहदरा) में किया गया। इस अवसर पर चीफ ट्रस्टी श्रीमती पुष्पा बैंगानी, ट्रस्टी श्रीमती बिमला दुगड़, महामंत्री श्रीमती मधु देरासरिया, राष्ट्रीय संयोजिका श्रीमती सुमन, क्षेत्रीय प्रभारी श्रीमती मंजू भूतोड़िया, रा.का.स. श्रीमती सुनीता जैन, श्रीमती कुसुम बैंगानी, श्रीमती शिल्पा बैद की गरिमामय उपस्थिति रही।

राष्ट्रीय अध्यक्ष ने बधाई देते हुए कहा दिल्ली महिला मंडल ने सराहनीय कार्य किया है। मुख्य अतिथि सहायक निदेशक शिक्षा श्री रामकिशन भारती, विद्यालय निरीक्षक श्रीमान ध्रुव शाह, श्री राजेश त्यागी एवं अनुज सर ने मंडल के कार्यों की सराहना की।

चीफ ट्रस्टी श्रीमती पुष्पा बैंगानी, महामंत्री श्रीमती मधु देरासरिया, ट्रस्टी श्रीमती बिमला दुगड़, पूर्व महामंत्री श्रीमती सुमन नाहटा ने अपने विचार व्यक्त किए। शाहदरा सभाध्यक्ष श्री पन्नालाल बैद, ओसवाल समाज अध्यक्ष श्री आनंद बुच्चा एवं कई महानुभावों की उपस्थिति रही।

दोनों विद्यालयों में एक-एक बेंच तथा महिला कॉलेज में दो बेंच का उद्घाटन किया गया। संचालन स्थानीय मंत्री श्रीमती यशा बोथरा ने तथा आभार ज्ञापन स्थानीय संयोजिका श्रीमती प्रेम भंसाली ने किया।

## गुवाहाटी में 'मंजिलें... Reach the Unreached'

दि. 26.6.2023 को अभातेमम के तत्त्वावधान में तेममं गुवाहाटी ने साध्वीश्री स्वर्णरेखाजी के सान्निध्य में तथा महामंत्री श्रीमती मधु देरासरिया की गरिमापूर्ण उपस्थिति में 'मंजिलें' कार्यशाला का आयोजन किया। रा.का.स. श्रीमती बबीता भूतोड़िया एवं श्रीमती सुचित्रा छाजेड़ की गरिमामय उपस्थिति रही। शुभारंभ नमस्कार महामंत्र के उच्चारण से हुआ। स्थानीय बहनों द्वारा मंगलाचरण के पश्चात् स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया।

महामंत्री श्रीमती मधु देरासरिया ने अपने वक्तव्य में कहा कि जिनके हौसले बुलंद होते हैं वह अपनी मंजिल को पा ही लेते हैं। साध्वीश्रीजी ने उद्बोधन में फरमाया की एक्टिव वह होता है जो स्वयं अपनी मंजिल की ओर जाना चाहता है। श्रीमती बबीता भूतोडिया ने पॉजिटिविटी के बारे में अपने भाव रखें एवं श्रीमती सुचित्रा छाजेड़ ने मंजिल पाने के आयाम बताए।

सभाध्यक्ष श्री बजरंग सुराणा, तेयुप अध्यक्ष श्री मनीष सिंघी ने वक्तव्य प्रस्तुत किया। स्थानीय अध्यक्ष श्रीमती मंजू भंसाली सभी का स्वागत अभिनन्दन किया। संचालन स्थानीय मंत्री श्रीमती सुशीला मालू ने तथा स्थानीय संगठन मंत्री श्रीमती विनीता सुराना ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

# INSPIRATHON

## Sheroes - A journey from Mass to Class

अपनी विद्वता, आत्मविश्वास, पुरुषार्थ और समय प्रबन्धन से जिन्होंने तेरापंथ समाज में ही नहीं वरन् पूरे देश में अपनी पहचान बनाई है इन SHEROES ने, जिनसे आज संपूर्ण समाज प्रेरणा ले सकता है। मिलते हैं एक विशिष्ट प्रतिभा से जिन्होंने लीक से परे उपलब्धियां प्राप्त कर स्वयं का, समाज का और देश का नाम रोशन किया है।

### RASHMI BAID

D/o. Smt. Pusha Shri Nirmal Kumar Nolahka
W/o. Shri Puneet Kumar Baid

Mrs. Rashmi Baid is currently working as Scientific Officer 'F' (Class 1 Gazetted Officer) in Bhabha Atomic Research Centre (BARC), Mumbai. She has completed her Bachelor of Engineering (B.E.) in Electronics Instrumentation & Control Engineering from Govt. Engineering College Bikaner (Rajasthan University, Jaipur) in 2007 and was college topper in her discipline. She has done Master of Technology (M.Tech) in Nuclear Science & Engineering with specialization in Fast Breeder Reactor Recycle Science & Technology from Homi Bhabha National Institute (HBNI), Mumbai in 2010.

She joined Indira Gandhi Centre for Atomic Research (IGCAR), Kalpakkam unit of Department of Atomic Energy (DAE) in September 2007. She has undergone one year rigorous training programme of Bhabha Atomic Research Centre Training School (2nd batch) at IGCAR campus which included various subjects and technologies on Nuclear Science & Engineering. She was awarded Homi Bhabha Award (Gold medal) for being the topper in BARC Training School at IGCAR in 2008. After that, she joined as Scientific Officer 'C' in Computer Division, Electronics & Instrumentation Group of IGCAR in 2008 where she worked for ~4 years and received DAE Group Achievement Award in 2011 for Development of Prototype Fast Breeder Reactor (PFBR) Operator Training Simulator.

She joined Control Instrumentation Division (CnID) of Bhabha Atomic Research Centre, Mumbai in July 2012. She is the recipient of DAE Group Achievement Award for ITF for C&I Systems of LWR in 2016. She has been working on important Projects of National interest in the field of Nuclear Science and Engineering since 2008 and has ~15 years of experience in her field.

She has contributed to several publications on real time analysis, modeling and simulation which included 5 Contributory Research paper publications in International Journals and 4 paper publications in National and International conferences. She has also got publication in Young Officers Forum of IGC Newsletter Vol. 89 in July 2011.

She is recipient of Sitadevi Saraogi Pratibha Puraskar given by ABTMM.

### 7 Shades of Sankalp

श्रावण–भाद्रव त्याग, तपस्या, भीतरी यात्रा आदि के लिए उपयोगी माना गया है। लगभग हर धर्म में श्रावण में धार्मिक एवं आध्यात्मिक आराधना का विशेष महत्व है। आइए, रिमझिम बूंदों की फुहार के साथ हम अध्यात्म के रंगों से सराबोर होते हुए बिंदु से सिंधु की यात्रा तय करते हैं। छोटे–छोटे त्याग से, संकल्प एवं स्वाध्याय से आत्मविश्वास को प्रबल बनाएं।

**Lets Celebrate Seven Shades of Sankalp**

| SUNDAY | MONDAY | TUESDAY | WEDNESDAY | THURSDAY | FRIDAY | SATURDAY |
|---|---|---|---|---|---|---|
| नमक का त्याग | द्रव्य सीमा (अधिकतम 21) | 4 दिशा में खड़े–खड़े चार लोगस्स का ध्यान | उपासक दशा आगम से प्रति सप्ताह एक श्रावक के जीवन वृत्तांत का स्वाध्याय | 'भिक्षु म्हारै प्रगट्या जी' गीतिका से दिन की शुरुआत | सचित्त का त्याग | अपनी क्षमता से आगे बढ़ते हुए एक कठिन त्याग करें |

## जलगांव में खानदेश स्तरीय कार्यशाला 'क्षितिज'

दि. 30.6.2023 को मुनिश्री आलोककुमारजी की पावन सन्निधि में एवं अभातेममं के तत्त्वावधान में तेममं जलगांव द्वारा खानदेश स्तरीय 'क्षितिज – असीम संभावनाओं के' कार्यशाला का आयोजन हुआ। राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती नीलम सेठिया की अध्यक्षता में महामंत्री श्रीमती मधु देरासरिया, सहमंत्री श्रीमती निधि सेखानी, क्षेत्रीय प्रभारी श्रीमती निर्मला चण्डालिया एवं रा.का.स. श्रीमती जयश्री जोगड़ की गरिमापूर्ण उपस्थिति रही। साध्वीप्रमुखाश्रीजी के संदेश का वाचन श्रीमती निर्मला चण्डालिया ने किया।

मुनिश्री द्वारा महामंत्र उच्चारण से प्रारंभ कार्यशाला में स्थानीय अध्यक्ष श्रीमती नम्रता सेठिया ने स्वागत वक्तव्य दिया। मुनिश्री आलोक कुमार जी ने 5D - Desire, Dream, Do Hard Work, Daring and Dynamism द्वारा जीवन में गतिशीलता एवं पुरुषार्थ द्वारा इच्छित लक्ष्य को प्राप्त करने की प्रेरणा दी। मुनिश्री हिमकुमारजी ने गीतिका का संगान किया एवं क्षितिज पर पहुंचने के आध्यात्मिक गुर बताए। मुनिश्री लक्ष्य कुमारजी ने समृद्धि द्वारा अपनी प्रगति करने का लक्ष्य रखने को कहा।

राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती नीलम सेठिया ने Reality, Spirituality & Self Love द्वारा relation maintain करने के टिप्स दिए। द्वितीय सत्र में refilling your cup के माध्यम से mindset change करने के सारांश को बताया।

क्षितिज विषय प्रवेश पर महामंत्री श्रीमती मधु देरासरिया ने विस्तृत जानकारी दी। द्वितीय सत्र में संस्था की चुनावी प्रक्रिया एवं संविधान के विषय में जानकारी दी। सहमंत्री श्रीमती निधि सेखानी ने 'कल आज और कल' ग्रुप डिस्कशन के माध्यम से समाज में आ रहे बदलाव पर प्रकाश डाला। रा.का.स. श्रीमती जयश्री जोगड़ ने अभातेममं की गतिविधियों और योजनाओं से बहनों को अवगत कराया। स्थानीय बहनों ने गीतिका और cruelty free lifestyle पर सुंदर नाटिका प्रस्तुत की। कार्यशाला में खानदेश के 15 क्षेत्रों से बहनें उपस्थित हुई। प्रथम सत्र का संचालन श्रीमती रीटा बैद और शीतल बुच्चा एवं द्वितीय सत्र का संचालन श्रीमती मंजूषा दोशी ने किया। आभार ज्ञापन स्थानीय मंत्री श्रीमती सरिता धाड़ेवा ने किया।

## जलगांव में बेंच का लोकार्पण

कन्या सुरक्षा योजना के अंतर्गत 25 बैंचो का अनावरण राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती नीलम सेठिया की अध्यक्षता में एवं महामंत्री श्रीमती मधु देरासरिया ने रा.का.स. की गरिमामय उपस्थिति में हुआ। सिविल हॉस्पिटल में 15, अणुव्रत भवन में 3, अंबेडकर गार्डन में 2 और कन्या सुरक्षा सर्कल खानदेश सेंट्रल में 5 बैंच का लोकार्पण किया गया। सिविल हॉस्पिटल की पूरी टीम सहित स्थानीय सभा एवं तेयुप के अध्यक्ष एवं मंत्री उपस्थित थे।

## काव्यामृतम् काव्यशाला

गत माह अनेक प्रविष्टयां प्राप्त हुई। लीक से हटकर थीम प्रदान की गई थी। विविध प्रकार के विचारों सहित प्रविष्टियां प्राप्त हुई। आप सभी के विचारों का सम्मान करते हुए आपकी सृजन क्षमता को साधुवाद प्रेषित करते हैं।

'कन्यादान आखिर क्यों?' थीम पर चयनित कविता

काफी समय से देश में चल रहा है बवाल।
कन्यादान की रस्म पर, उठा है सवाल।
प्रथा है उस समय की, जब था पुरुष प्रधान समाज।
बदल गया है युग, स्त्री पुरुष दोनों एक समान आज।
पहले की नारी रहती पिता, पति पर निर्भर।
लेकिन आज की युवती, बन गई आत्म निर्भर।
घूंघट से निकल कर, चांद पर पहुंच गई बेटियां।
अपनी हिम्मत मेहनत से नये आयाम छु रही है बेटियां।
बेटी नहीं कोई वस्तु, वो तो अनमोल वरदान।
इश्वर की इस सौगात का, क्या होना चाहिए दान।
दो परिवारों का सेतु, करती सृष्टि का संवर्धन।
रिश्तों की है धुरी, होना चाहिए मान सम्मान।
उठाना होगा माताओं पिताओं को कदम।
नहीं करना इस परम्परा का निर्वहन।
नहीं बनना इसका हिस्सा, बह रहा जो प्रवाह।
क्यों न बदले यह प्रथा, जो दिखाए नकारात्मक राह।

– प्रवीणा बांठिया, अहमदाबाद

आगामी माह के लिए 'थीम' प्रदान की जा रही है। 'थीम' पर आधारित अपने नवीन विचारों सहित काव्य सृजन करें।

थीम: **धार्मिकता बनाम आध्यात्मिकता**

- काव्यामृतम् काव्यशाला फेसबुक ग्रुप पर आप स्वयं पोस्ट कर सकते हैं।
- चयनित काव्य को अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा।
- उपरोक्त थीम पर 20 जुलाई 2023 तक प्राप्त प्रविष्टियां ही मान्य होगी।
- कविता अधिकतम 16 पंक्तियों की ही मान्य होगी।

काव्यामृतम् काव्यशाला का फेसबुक ग्रुप है :–
www.facebook.com/groups/418110360344800/

# FEED THE MIND

## पाठशाला पुस्तकालय परियोजना

अभातेममं का प्रयास – हर विद्यार्थी का हो शिक्षा में विकास। इस उद्देश्य की आपूर्ति हेतु FEED THE MIND- Library प्रोजेक्ट का कार्यान्वयन देश भर में विभिन्न शाखाओं द्वारा किया जा रहा है। शाखा मंडल द्वारा उद्घाटित लाइब्रेरी का पिछले अंक से जारी विवरण :–

| शाखा | विद्यालय का नाम | लाभान्वित विद्यार्थी |
|---|---|---|
| भीलवाड़ा | राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय | 1876 |
| दिल्ली | प्राथमिक विद्यालय रामनगर | 500 |
| दिल्ली | प्राथमिक विद्यालय रामसरोवर पार्क | 400 |
| डूंगरी | प्राथमिक शाला ककवाडी | 300 |
| नवसारी | गुजराती प्राथमिक स्कूल | 300 |

## सीतादेवी सरावगी प्रतिभा पुरस्कार 2023

अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल द्वारा प्रति वर्ष वार्षिक महिला अधिवेशन में एक महिला और एक कन्या को सीतादेवी सरावगी प्रतिभा पुरस्कार से सम्मानित किया जाता है। यह पुरस्कार तेरापंथ धर्मसंघ की प्रतिभा सम्पन्न एक महिला एवं एक कन्या को प्रदान किया जाता है। इस पुरस्कार के अन्तर्गत ₹51,000 की राशि तथा एक प्रशस्ति पत्र सम्मानित व्यक्ति को प्रदान किया जाता है। समस्त शाखा मंडलों से निवेदन है कि अपने क्षेत्र से इस पुरस्कार हेतु प्रविष्टियां भेजें। इसके लिए समस्त शाखाएं अपनी जागरूकता का परिचय दे। अन्तिम निर्णय चयन समिति द्वारा किया जाएगा।

### पुरस्कार हेतु अर्हताएं

- कला, शिक्षा, विज्ञान, सेवा, साहित्य आदि के क्षेत्र में विशिष्ट कार्य करने वाली महिला/कन्या हो।
- चरित्रनिष्ठ एवं संघनिष्ठ मनोवृत्ति हो।

### पुरस्कार प्रविष्टि हेतु शाखाओं के ध्यानार्थ

- प्रत्येक शाखा एक महिला और एक कन्या का नाम ही इस पुरस्कार हेतु प्रस्तावित कर सकता है।
- आपकी शाखा द्वारा प्रस्तावित महिला एवं कन्या के प्रस्ताव को उन व्यक्ति की फोटो सहित सम्पूर्ण परिचय (बॉयोडाटा) शाखा मंडल के अध्यक्ष/मंत्री अपने शाखा के letterhead पर लिखित में भेजें। इस प्रस्ताव में अध्यक्ष एवं मंत्री सहित अन्य तीन पदाधिकारियों के हस्ताक्षर भी अनिवार्य रूप से होने चाहिए।
- प्रविष्टि भेजने की अन्तिम तिथि 31 जुलाई 2023 रहेगी। बाद में प्राप्त प्रविष्टियां स्वीकृत नहीं की जाएगी।
- प्रविष्टियां सेलम स्थित अध्यक्षीय कार्यालय ही भेजें।
- शाखा उन्हीं महिला/कन्या की प्रविष्टियां भेजें जो 9 अक्टूबर 2023 को मुंबई में आचार्य श्री महाश्रमणजी की पावन सन्निधि में उपस्थित होकर यह पुरस्कार स्वीकार कर सके।

# ज्ञान चेतना प्रश्नोत्तरी?

जुलाई 2023

सन्दर्भ पुस्तक : 'शासन माता' द्वारा रचित 'गणं सरणं गच्छामि' (पांचवां-छट्ठा अध्याय)

## एक शब्द में उत्तर दें

1. अस्वस्थता के कारण आचार्य भिक्षु ने कितने महीनों तक नाथद्वारा में प्रवास किया?
2. आचार्य भिक्षु के अनुशासन में उनकी कौनसी वृत्ति का स्पष्ट दर्शन होता है?
3. कंठस्थ ज्ञान को स्थायी रखने का सबल माध्यम क्या है?
4. राजा की कीर्ति को बढ़ाने वाला तत्व कौनसा है?
5. आचार्य भिक्षु के परम कृपापात्र शिष्य मुनि कौन थे जो प्रसिद्ध प्रतिलिपिकार थे ?
6. पाली चातुर्मास मे कौनसे मुनि अस्वस्थ हो गए?
7. आचार्य भिक्षु की संघीय चेतना के आधार थे, मर्यादा और दूसरा?
8. एक छोटा- पंथ तेरापंथ किसकी आराधना कर इतना तेजस्वी बना?
9. राष्ट्र , समाज संस्थान या परिवार कौनसी चेतना के प्रतीक हैं?
10. आचार्य भिक्षु की कौनसी चेतना जागृत थी?

## रिक्त स्थान की पूर्ति करें

11. विवाद का मुद्दा छोटा हो या बड़ा, ........................ की स्थिति में वह उलझता ही है।
12. आचार्य भिक्षु की आस्था ........................ में थी।
13. ........................ की शक्ति उसके नेता पर निर्भर करती है।
14. 'जाण्यो आत्मा रा ........................ सारसां, मर पूरा देसां।
15. आचार्य भिक्षु बोले- 'सरधा ........................ में सेंठा रहै।
16. अपनी डायनेमिक पर्सनेलिटी के द्वारा धर्मसंघ को सतत ........................ रहने वाली दिशा दी।
17. जैन परम्परा में ........................ के बाद कोई मान्यता प्राप्त व्यवस्थित धर्म सम्प्रदाय नहीं बना।
18. गण से बहिष्कृत या बहिर्भूत व्यक्ति से ........................ न करें।
19. ........................ के अनुरूप आचरण होने से ही व्यक्ति उर्ध्वारोहण करता है।
20. श्रावक समाज की श्रद्धा और ........................ भी अद्भुत है।

प्रविष्टि भेजने की अन्तिम तिथि : 20 जुलाई 2023

Google Form Link : https://forms.gle/4KTLYSZffBe2x82j9 (Click here to go to Google Form)

## जून 2023 प्रश्नोत्तरी के सही उत्तर

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 01. आलोक | 02. तीन | 03. कानूनशास्त्र | 04. अनुभव | 05. मूढ़ता |
| 06. नेतृत्व | 07. सत्य | 08. चंडावल | 09. वेणीरामजी | 10. विजयचन्दजी |
| 11. संकीर्णता | 12. मनोवृत्ति | 13. अंजलियों | 14. महान | 15. आरोपित |
| 16. दुर्लभ | 17. कसौटी | 18. आचार | 19. आचार्य | 20. तिलोकचन्दजी |

## जून 2023 प्रश्नोत्तरी के भाग्यशाली विजेता

1. सरोज देवी बैंगानी, सूरत
2. गुलाब देवी पींचा, नई दिल्ली
3. बसंत कंठालिया, उदयपुर
4. लता गुप्ता, पंचकुला
5. प्रियंका सेठिया, जयपुर
6. शीतल कोठारी, चेन्नई
7. दीक्षा जैन, आरणी
8. सुमन कावडिया, मुंबई
9. सरिता सिंघी, मणिनगर
10. शांति पींचा, पाली

सभी विजेताओं को पुरस्कार भेजे जा चुके हैं। पुरस्कार प्राप्त नहीं होने पर सम्पर्क करें

श्रीमती मधु कटारिया मो. 99804 43204

## अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल को
### प्रदत्त सहयोग एवं प्रेरणा से प्राप्त अनुदान हेतु हार्दिक आभार

**₹51,000**
तेरापंथ
महिला मंडल
अहमदाबाद
(अभातेमम सह श्री उत्सव आयोजन पर)

**₹31,000**
श्रीमती कमला
श्री रामलालजी बैद
सूरत

**₹31,000**
श्रीमती मंजू
श्री मांगीलालजी बांठिया
नई दिल्ली

**₹31,000**
श्रीमती सरला
श्री पन्नालालजी बैद
नई दिल्ली

**₹31,000**
श्रीमती सरोज
श्री सुशीलजी सिपानी
नई दिल्ली

**₹31,000**
श्रीमती संतोष
श्री सुरेन्द्रजी तातेड़
नई दिल्ली

**₹31,000**
श्रीमती यशा
श्री रविप्रकाशजी बोथरा
नई दिल्ली

| | |
|---|---|
| ₹15,000 | तेरापंथ महिला मंडल, उदयपुर (अभातेमम सह श्री उत्सव आयोजन पर) |
| ₹11,000 | तेरापंथ महिला मंडल, जलगांव |
| ₹11,000 | तेरापंथ महिला मंडल, चलथान |
| ₹11,000 | श्रीमती शशिकलाजी श्री छोटालालजी चोपड़ा |
| ₹5,100 | श्री अशोक जैन दूगड़ एवं श्रीमती राजू देवी दूगड़ (तिनसुकिया) के वैवाहिक वर्षगांठ उपलक्ष्य भावना सेवा में |

पंजीकृत कार्यालय : 'रोहिणी', अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल, लाडनूं (राज.) 341306

मधु देरासरिया
कृष एन्क्लेव
F/102, सिटीलाइट
सूरत 395 007. (गुजरात)
मो. 9427133069
Email : madhujain312@gmail.com
महामंत्री कार्यालय

नारीलोक
देखने हेतु
Touch to open
www.abtmm.org
Touch to open
www.facebook.com/abtmmjain/
Touch to open
https://bit.ly/abtmmyoutube

रंजु लुणिया
लुणिया मार्केटिंग प्रा. लि.
बड़ा बाजार, छेरा बस स्टॉप के पास
शिलोंग 793 001. (मेघालय)
मो. 9436103330
Email: lmplshillong@gmail.com
कोषाध्यक्ष कार्यालय